तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 18.0° | 37.0° |
| इंदौर | 18.0° | 38.0° |
| जबलपुर | 18.0° | 37.0° |
| ग्वालियर | 18.0° | 37.0° |
| सागर | 20.0° | 38.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 105, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण एकादशी संवत् 2082
शनिवार, 14 मार्च 2026
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों ...
खेल... मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूँ, मेडल्स पर ...
व्यापार... वित्त वर्ष 26 में राजकोषीय घाटा लक्ष्य ...
देश-विदेश... मासिक धर्म अवकाश पर याचिका ...


# सरकार का वादाः पेट्रोल-डीजल, गैस की कमी नहीं




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। इस स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन विभिन्न मंत्रालयों की संयुक्त पत्रकार वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की। सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण रसोई गैस को लेकर चिंता बढ़ गई है। सरकार के अनुसार युद्ध की स्थिति के बाद देश में रसोई गैस सिलेंडरों की बुकिंग में अचानक वृद्धि देखी गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने बताया कि युद्ध से पहले देश में प्रतिदिन औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी, जबकि अब यह संख्या बढ़कर लगभग 75.7 लाख प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की मांग में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से लोगों की घबराहट के कारण हो रही है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग न करें, क्योंकि देश में अभी किसी भी स्तर पर गैस की कमी की स्थिति नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि देश के लगभग 25 हजार रसोई गैस वितरकों में से किसी भी स्थान पर गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मंत्रालय के अनुसार सभी वितरकों के पास पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

सरकार ने यह भी बताया कि केंद्र ने राज्यों को अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर मिट्टी तेल आवंटित किया है। राज्यों से कहा गया है कि वे जिलों में इसके वितरण के लिए उपयुक्त स्थान तय करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराया जा सके।

इसके अलावा वैकल्पिक ऊर्जा व्यवस्था के तहत कोल इंडिया को छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं के लिए कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया कि 9 मार्च 2026 को जारी प्राकृतिक गैस आदेश के तहत विभिन्न क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। इसी आदेश के अनुसार घरेलू पाइप गैस और वाहनों में उपयोग होने वाली संपीड़ित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बिना किसी कटौती के जारी रखी जा रही है।

## प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर निशाना, कहा-

# गलत प्रचार से लोगों को गुमराह किया जा रहा



**नईदुनिया ब्यूरो, गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के पहले दिन शुक्रवार को 24,250 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस सरकारों ने लंबे समय तक असम के लोगों से झूठ बोला और गलत नीतियों के कारण राज्य को नुकसान पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने देखा है कि विदेशों में होने वाले युद्धों का असर भारतीय किसानों पर पड़ता है। इसलिए सरकार ने कृषि क्षेत्र को बाहरी संकटों से सुरक्षित बनाने के लिए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी परिस्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं रही और वर्तमान समय में भी गलत प्रचार के माध्यम से लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने चाय बागान से जुड़े श्रमिकों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि चाय बागान के किसानों का सम्मान करना उनके लिए कर्ज चुकाने जैसा है। उन्होंने कहा कि चाय बेचकर ही उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिला और आज उन्हें देश की सेवा करने का मौका मिला है।

### ईरान के राष्ट्रपति से बातचीत

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक माध्यम मंच 'एक्स' पर ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन के साथ हुई बातचीत की जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्या के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ट्रम्प बोले- ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता तेजी से खत्म हो रही

## इराक में अमेरिकी विमान हादसा, चार सैनिक मारे गए

# भारत हमारा दोस्त, होर्मुज में जहाज नहीं रोकेंगे : ईरान





**तेहरान/नई दिल्ली, एजेंसीः** ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं और होर्मुज स्ट्रेट में भारत को सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'भारत हमारा दोस्त है, आप दो-तीन घंटे में ऐसा होते देखेंगे।' दोनों देशों के लंबे समय से सहयोग और विश्वास का महत्व बताया।

**दो भारतीय गैस जहाज होर्मुज स्ट्रेट से रवानाः** ईरान ने दो भारतीय गैस जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। एक तेल जहाज शनिवार को भारत आएगा।

### मुजतबा खामेनेई गंभीर घायल



मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं। बताया गया है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिपोर्टों के अनुसार चोट इतनी गंभीर थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा।

### 15 हजार ठिकाने निशाने पर



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान में 15 हजार से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अभी जारी है। वर्जीनिया के आर्लिंगटन में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि तेहरान सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए जाएंगे।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान का संघर्ष गहराया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान जल्द आत्मसमर्पण कर सकता है। समाचार वेबसाइट एक्सियोस के अनुसार जी-सात देशों के नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य अभियान के कारण ईरान पर भारी दबाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को गंभीर क्षति पहुंची है तथा उसकी मिसाइल और ड्रोन क्षमता तेजी से खत्म की जा रही है। ट्रम्प ने ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान का ईरान की सैन्य ताकत पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। इस बीच पश्चिमी इराक में अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार विमान में सवार छह सैनिकों में से चार की मौत हो गई, जबकि दो सैनिक लापता बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश के लिए अभियान जारी है। इस घटना के बाद ईरान के साथ जारी संघर्ष में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर ग्यारह हो गई है।

(शेष पेज 10 पर)

# डबल इंजन सरकार बहनों का कर रही सशक्तिकरण : डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में 1836 करोड़ रुपए भेजे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के क्षेत्र में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पांच लाख से अधिक स्वसहायता समूहों से जुड़कर लगभग 65 लाख महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, जबकि 12 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी के रूप में कार्य कर रही हैं। ग्वालियर जिले के घाटीगांव स्थित शबरी माता मंदिर परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की 34वीं किश्त के रूप में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 1836 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 1500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना के अंतर्गत अब तक 52 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि महिलाओं को प्रदान की जा चुकी है।

(शेष पेज 10 पर)

# संसद में रसोई गैस संकट पर हंगामा, कार्यवाही स्थगित



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पांचवें दिन शुक्रवार को भी विपक्ष ने रसोई गैस संकट और अन्य मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और आठ निलंबित सांसदों की वापसी की मांग उठाई। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। दोपहर में कार्यवाही शुरू होने के बाद भी केवल एक घंटे चली और फिर सदन को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रही घटनाओं के कारण देश के सामने कुछ चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कदम उठा रही है और ऐसे समय में विपक्ष को सहयोग करना चाहिए।

# गायक बादशाह की गिरफ्तारी के आदेश



**नईदुनिया ब्यूरो, पानीपतः** हरियाणा महिला आयोग ने गीत 'टटीरी' विवाद के मामले में गायक एवं रैपर बादशाह की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को समन के बावजूद पानीपत में पेश न होने पर आयोग ने यह कदम उठाया। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने पंचकूला और पानीपत के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि गायक का पासपोर्ट जब्त किया जाए। आयोग ने कहा कि छह मार्च को नोटिस जारी कर उन्हें उपस्थित होने के लिए कहा गया था, लेकिन वह निर्धारित समय पर पेश नहीं हुए।

**स्पेशल खबर** आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाएँगे...

# आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुरू




**नईदुनिया ब्यूरो, पानीपतः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को हरियाणा के पानीपत में शुरू हुई। यह सभा संघ की सर्वोच्च निर्णायक इकाई है और तीन दिन तक चलेगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सात दिन पहले ही पानीपत स्थित संघ के सेंटर पहुंच गए थे और सभा के दौरान शताब्दी वर्ष की समीक्षा करेंगे। सभा में पहले दिन मंच पर मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले उपस्थित रहे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को मंच के नीचे पहली कतार में जगह दी गई। सभा में देशभर से संघ और उसकी विचारधारा से जुड़े 32 संगठनों के 1487 प्रतिनिधि उपस्थित थे। मीडिया को केवल आठ मिनट के लिए हॉल में प्रवेश की अनुमति दी गई। आरएसएस की गृह संपर्क रिपोर्ट के अनुसार, केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों से संपर्क किया गया। इससे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इसके अलावा देश भर में 36,000 से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। संघ ने पिछले एक वर्ष में 5500 से अधिक नई शाखाएं शुरू की हैं। डिजिटल माध्यम से हर साल लगभग 1.25 लाख लोग संघ से जुड़ रहे हैं। सभा में शताब्दी वर्ष के दौरान किए गए कार्यों, प्रकल्पों में आई चुनौतियों और अगले एक वर्ष की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। संघ अपने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करने की योजना बना रहा है। इसमें क्षेत्र प्रचारकों की संख्या कम करके जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर कार्यकर्ताओं को अधिक अधिकार दिए जाएंगे।

(शेष पेज 10 पर)


UDGAM · Unclaimed Deposits Gateway To Access inforMation

अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ



UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें

- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।




UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in